प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमयंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में अगले साल होने वाले महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायजा : महाकुंभ का लोगो, वेबसाइट और ऐप किया लांच।
2. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मथुरा के वृंदावन वत्सल ग्राम में आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में हुए शामिल : कहा– इस तरह के आयोजनों से लोगों को न सिर्फ लाभ मिलता है, बल्कि परस्पर प्रेम में होती ह बढ़ोत्तरी।
3. संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश में बनाये जायेंगे 16 नये राजकीय संस्कृत विद्यालय।
4. बहराइच जिले में कल देर रात छह भेड़ियों के झुंड के आखिरी भेडिये को गांव वालों ने मार गिराया।

और

5. शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना का क्रम जारी : शक्तिपीठों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में अगले साल जनवरी में होने वाले महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री योगी ने महाकुंभ के प्रतीक चिन्ह, वेबसाइट और ऐप का शुभारम्भ भी किया। श्री योगी

ने कहा कि महाकुंभ के सिलसिले में पांच हजार छह सौ करोड़ रुपये की केन्द्र और राज्य सरकार की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ और बारिश की वजह से अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने की आखिरी तारीख 15 दिसम्बर कर दी गई है। महाकुंभ के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का यह अति महत्वपूर्ण और विशाल आयोजन है। इसके आयोजन में सरकार संतों और प्रयागराजवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी है। बाइट.......

*यूनेस्को ने प्रयागराज कुंभ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी। हमारा प्रयास होना चाहिये कि फिर इस बार प्रयागराज कुंभ को वैश्विक स्तर पर इसी प्रकार की मान्यता प्राप्त हो, ये हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है और वह टीम वर्क पूरे कुंभ के दौरान यहां दिखनी भी चाहिये। प्रयागराजवासियों के मन में भी दिखनी चाहिये।*

इस दौरान अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों और प्रमुख साधु–संत भी मौजूद थे।

————————

राज्य सरकार प्रदेश के 16 शक्तिपीठों पर सप्तमो–अष्टमी तिथियों को शक्ति महोत्सव करायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन से जोड़ते हुए इस आयोजन में महिला कलाकारों को वरीयता दी जायेगी। महोत्सव के दौरान नौ देवियों पर आधारित प्रस्तुतियां भी

होंगी। इसके अलावा कुंभ, नौ दुर्गा का प्रसंगों और महिला सशक्तिकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटकों के जरिये प्रदेश के लोक कलाकार आध्यात्मिक कार्यक्रम पेश करेंगे।

—————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज मथुरा के वृंदावन वत्सल ग्राम में दो दिवसीय निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में रोगियों को दवाइयां और चश्मे बांटे। शिविर में ढाई सौ से अधिक लोगों की आंखों का ऑपरेशन किया गया। नेत्र शिविर के समापन समारोह में श्री बिरला ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ आम लोगों को लाभ मिलता है, बल्कि परस्पर प्रेम भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ब्रज ऐसी पवित्र भूमि है, जहां मां के रूप में सबको वात्सल्य दिया जाता है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा का यह सिलसिला जारी रहना चाहिये। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा भी मौजूद थीं।

—————————

प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार ने 16 नये राजकीय संस्कृत विद्यालयों को मंजूरी दी है। इनके भवन बनाने के लिये शासन की तरफ से 17 करोड रुपये मंजूर किये गये हैं, जल्द ही इनका निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा, ताकि नये सत्र में यहां पढ़ाई शुरू हो सके। राज्य में फिलहाल मात्र दो राजकीय संस्कृत

विद्यालय है। इसी क्रम में नैमिषारण्य, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा और चित्रकूट में नये आवासीय राजकीय संस्कृत विद्यालय खोलने की मंजूरी दी गई है। इन जगहों पर विद्यार्थियों के लिये छात्रावास भी बनाये जायेंगे।

——————

केन्द्रीय वाणिज्य, उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने निर्वाचन क्षेत्र दौरे के दूसरे दिन आज पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 14 करोड़ 80 लाख रुपये लागत से बनाये जा रहे नाइलिट केन्द्र का शिलान्यास किया। इस दौरान श्री प्रसाद ने कॉलेज मैदान में लगे रोजगार मेले का शुभारम्भ भी किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद श्री प्रसाद ने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर के खुल जाने से न सिर्फ पीलीभीत के युवा सामर्थ्यशाली बनेंगे, बल्कि रोजगार हासिल कर समृद्ध पीलीभीत बनाने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

——————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के श्रम और सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के प्रति कटिबद्ध है और इस दिशा में जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। श्री राजभर ने यह बात आज कानपुर में श्रमिक जागरूकता और हित लाभ वितरण कार्यक्रम और रोजगार मेले के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने के निर्णय को जल्द ही प्रदेश भी इसे लागू किया जायेगा। बाइट.....

*मोदी जी की सरकार ने बहुत बड़ा फैसला किया है, जो न्यूनतम मजदूरी है उसको बढ़ाने की बात माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है तो उत्तर प्रदेश में हमारे जो आठ करोड़ 39 लाख रजिस्टर्ड श्रमिक है उनके मन में भारी उत्साह है। हम लोग भी प्रयास करेंगे माननीय मुख्यमंत्री जी का आदेश भी हम लोगों को मिला है उसका ठीक से अध्ययन हो और जो भारत सरकार ने फैसला किया है उकसे हम उत्तर प्रदेश में कैसे लागू करें इस पर विचार विमर्श विभाग कर रहा है और बहुत जल्द हम इसको लागू करेंगे।*

——————————

बहराइच जिले में कल देर रात छह भेड़ियों के झुंड में से आखिरी भेड़िये को गांव वालों ने पीट–पीट कर मार डाला। तमाचपुर गांव में भेड़िये को उस समय पकड़ लिया

गया, जब वह बकरी शिकार करने की कोशिश कर रहा था। वन विभाग की टीम पिछले 24 दिनों से इसकी तलाश कर रहा था। विगत दो महीनों के दौरान जिले की महसी तहसील में घाघरा नदी के कछार में स्थित लगभग 50 गांवों के लोग भेड़ियों के हमलों से दहशत में थे। इस दौरान इन भेड़ियों के हमलों में 7 बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल भी हुए।

——————

राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों में आज हल्की बारिश से लोगों को खासी राहत मिली है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक जहां राज्य के मध्य और पश्चिमी भागों से मानसून विदा हो गया है, लेकिन पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में अभी मानसून का असर रहेगा।

उधर, कन्नौज में कल शाम आये चक्रवाती तूफान से खासा नुकसान हुआ है। खेतों में तैयार खड़ी फसलों को भी भारी क्षति पहुंची है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.....

*कन्नौज जिले में बीती शाम आए चक्रवाती तूफान ने जमकर कहर बरपाया। खेतों में जमींन पर बिछी फसलों को देख किसान खूब रोए। तेज हवा और बरसात के कारण प्रमुख रुप से धान व मक्का की फसलें नष्ट हो गयीं बड़ी संख्या में बिजली के पोल टूट गए और वृक्ष उखड़ गए। नवदुर्गा उत्सव व रामलीला पाण्डाल और मकानों पर पड़े टीन शेड और छप्पर तहस–नहस हो गए। आलू की अगैती फसल के लिए तैयार खेत बरसात का*

*पानी भरने के कारण तालाब बन गए। किसानों को अब आलू बीजा सड़ने का भय सता रहा है। राजस्व टीमें फसलों में हुए नुकसान का आंकलन करने में जुटी हैं। रवि कुमार द्विवेदी, पी0टी0सी0,कन्नौज।*

————————

**शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। कुष्मांडा देवी सृष्टि की रचयिता मानी जाती हैं। इन्हें अष्टभुजा देवी क नाम से भी जानते हैं। आज घर—घर माता के इस स्वरूप की आराधना की जा रही है। राज्य के विभिन्न शक्ति पीठों और मंदिरों में आज सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल मे श्रद्धालु माँ विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट ............**

*शारदीय नवरात्र मेला शुरू होने के साथ ही आज विंध्य धाम मे मां विंध्यवासिनी के जयकारे से पूरे दिन धाम परिसर गुंजायमान रहा। तरह—तरह के फूलों से हुए श्रृंगार के पश्चात जगत जननी मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप का दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। नवरात्र के चौथे दिन आज उत्साह से लबरेज देवीभक्तों से त्रिकोण पथ विंध्याचल, कालीखोह और अष्टभुजा देवीधाम गुलजार हो रहा है। माँ विंध्यवासिनी का दर्शन—पूजन करने के पश्चात मंदिर परिसर में अन्य विग्रहों का लोगों ने दर्शन किया। विंध्य धाम की विभिन्न गलियां माला, फूल, नारियल, चुनरी व प्रसाद की दुकानों से सजी रहीं। नवरात्र मेले के दौरान श्री विंध्य पंडा समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के अलावा सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे। एस एम सबा, आकाशवाणी समाचार, विन्ध्याचल मिर्ज़ापुर।*

**इस दौरान राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने राजभवन में प्रेरणा संस्था के सौजन्य से 51 सौ से ज्यादा कन्याओं का**

पूजन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन कार्यक्रम समाज में कन्याओं के महत्व को दर्शाता है।

————————

दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए प्रदेश में पुलिसकर्मियों के अवकाश लेने पर एक महीने के लिए रोक लगा दी गई है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार द्वारा आदेश के मुताबिक 8 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक विशेष परिस्थितियों में उच्चाधिकारियों की अनुमति लेकर ही अवकाश मंजूर किया जा सकेगा।

————————

42वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में आज उत्तर प्रदेश एकादश ने अपना मैच जीतकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उत्तर प्रदेश की टीम ने आज चार गोल किए, जबकि सीआरपीएफ की टीम कोई भी गोल न कर सकी।

(समाप्त)